2025

HINDI — MINOR

Paper : MN-1

(आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिन्दी कविता)

Full Marks : 75

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. किन्हीं *तीन* पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) खेलत में को काकौ गुसैयाँ।
हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस ही कत करत रिसैयाँ।।
जाति-पाँति हम ते बड़ नाहीं;
नाहीं बसत तुम्हारी छैयाँ।।
अति अधिकार जनावत यातैं, जातैं अधिक तुम्हारैं गैयाँ।
रुहठि करै तासौं को खेलै, रहे बैठि जहँ-तहँ सब ग्वैयाँ।।
सूरदास प्रभु खेलयौइ चाहत, दाऊँ दियौ करि नंद दुहैयाँ।।

(ख) कस्तूरी कुंडलि बसै मृग ढूंढे बन माहि।
ऐसे घटी-घटी राम हैं दुनिया देखै नाहि।।
हम घर जाल्या आपणाँ लिया मुराड़ा हाथि।
अब घर जालौं तास का, जे चलै हमारे साथि।।

(ग) हे री मैं तो प्रेम दिवानी, मेरो दरद न जाने कोय।
सूली ऊपर सेज हमारी, किस बिध सोना होय।
गगन मंडल पर सेज पिया की, किस बिध मिलना होय।।
घायल की गति घायल जानै, कि जिन लागी होय।
जौहरी की गति जौहरी जाने, कि जिन लागी होय।।
दरद की मारी बन बन डोलूँ वैद मिल्या नहीं कोय।
मीरां की प्रभु पीर मिटै जब वैद साँवलिया होय।।

(घ) अनियारे दीरघ दृगनु किती न तरूनि समान।
वह चितबनि और कछू जिहिं बस होत सुजान।।
कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात।
भरे मौन मैं करत हैं, नैननु ही सब बात।।

(ङ) मानुष हौं तो वही रसखानि बसौ ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन
जो पसु हौं तो कहा बसु मेरा चरौं नित नंद की धेनु मंझारन।
पाहन हौं तो वही गिरि को जो धरयो कर छत्र पुरंदर कारन।
जो खग हौं तौ बसेरो करौं मिलि कालिंदी-कूल कदंब की डारन।।

2. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) तुलसीदास की भक्तिभावना पर प्रकाश डालिए।

(ख) रसखान की काव्यगत विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) पद्मावत के मानसरोदक खंड की कथावस्तु की विवेचना कीजिए।

(घ) "बिहारी गागर में सागर भारने वाले कवि हैं"— सोदाहरण उत्तर दीजिए।

(ङ) रहीम की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) 'बीजक' किसकी रचना है?

(ख) घनानंद की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ग) रसखान के अराध्य कौन हैं?

(घ) विद्यापति किसके दरबारी कवि थे?

(ङ) भूषण किस काल के कवि हैं?

(च) जायसी का पूरा नाम लिखिए।

(छ) बिहारी किस काव्यधारा के कवि हैं?

(ज) वात्सल्य रस सम्राट किसे कहा जाता है?

(झ) रहीम के पिता का नाम क्या था?